# किताबें ऐसी मित्र होती हैं जो हमें कभी नीचा नहीं दिखातीं : ममता कालिया




**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी के कार्यक्रम 'लेखक से भेंट' में मंगलवार को लेखिका ममता कालिया पाठकों से रू-ब-रू हुईं। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने उनका स्वागत कर उन्हें साहित्य अकादमी की पुस्तक भेंट की। कार्यक्रम में रीतारानी पालीवाल, देवेंद्र राज अंकुर, लक्ष्मीशंकर वाजपेयी, सुजाता चौधरी, राजकुमार गौतम, अशोक मिश्र, यशोधरा मिश्र, गोपाल रंजन, बलराम, मोहन हिमथाणी, कमलेश जैन, लेखक, आलोचक, संपादक एवं रंगकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश ने किया। ममता कालिया ने कहा कि किताबें ऐसी मित्र होती हैं जो हमें चेतना देती हैं और कभी नीचा नहीं दिखातीं।